रक्तदान शिबीर

सेक्टर: घाटकोपर

स्थान: ईडन गार्डन हायस्कूल, ९० फिट रोड, साकीनाका, मुंबई- ४०० ०७२

सद्गुरू माता सुदीक्षा सविंदर हरदेव महाराज जी की असीम कृपा से **रविवार, १५.०७.२०१८** को संत निरंकारी चॅरिटेबल फाउंडेशन द्वारा भव्य रक्तदान शिबीर का आयोजन **ईडन गार्डन हायस्कूल,साकीनाका** मे किया गया। सुबह ठिक ९.३० बजे शुरू हुए इस शिबीर का उद्घाटन **आ. प्रकाश जोशी जी (ॲडिशनल सेक्टर संयोजक- घाटकोपर)** एवम् **आ. मारुती कासारे जी (मेडिकल और सोशियल वेल्फेअर इन्चार्ज -मुंबई)** के करकमलो द्वारा किया गया | घाटकोपर सेक्टर कि अन्य शाखाओं के मुखी भी इस उद्घाटन समारोह में सम्मिलीत हुए।

इस शिबीर में **घाटकोपर, साकीनाका, चांदिवली और पवई** इन चार शाखाओ से महापुरुषोंने उत्साहपुर्वक सहभाग लिया | मुंबई विभाग से आए **राजावाडी हॉस्पिटल** (**घाटकोपर**) और **कूपर हॉस्पिटल (जुहू)** की रक्तपेढीयों ने मिलकर **२६० युनिट्स** रक्त संकलित किया |

संत निरंकारी मिशन के **सामाजिक कार्य और सेवाओं** से प्रभावित होते हुए, चांदिवली क्षेत्र के **विधायक एवम् पुर्व कॅबिनेट मंत्री श्री. नसीम खान जी** ने भी इस शिबीर में भेट दी और महापुरुषो के उत्साह कि सराहना की |

इस भव्य रक्तदान शिबीर की रुपरेषा और व्यवस्था साकीनाका विभाग के सेवादल और प्रबंधक महपुरुषों द्वारा कि गई | लग-भग ५ घंटे चले इस शिबीर का समापन दोपहर ठीक २.३० बजे हुआ |